ETV BHARAT उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh

हर्बल औषधि के नाम पर नकली दवाएं बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार, एक फरार



बरेली : सोशल मीडिया के जरिए हर्बल और जड़ी-बूटी वाली दवाओं के नाम पर नकली दवाएं बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. ये आरोपी ऑनलाइन विज्ञापनों में खुद को डॉक्टर बताकर लोगों को इलाज का भरोसा दिलाते थे. उसके बाद नकली दवाएं बेचकर मोटी कमाई करते थे. इस वारदात को अंजाम देने वाले तीन लोगों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक की तलाश जारी है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/two-accused-arrested-in-bareilly-for-selling-spurious-medicines-ups26100606781